## एक नजर में

### मां नर्मदा-माही उद्वहन लिंक परियोजना के दूसरे चरण की टेस्टिंग की...



**सरदारपुर** । मां नर्मदा माही उद्वहन लिंक परियोजना के दूसरे चरण में टेस्टिंग के दौरान भोपावर बडोदिया पटलावदिया आदी ग्रामों के लिए किया गया। इसमे बडोदियी भोपावर मार्ग पर स्थित मे माही के तट से कुछ ही दूरी पर मॉ नर्मदा का पानी छोड़ा गया। जिसमे आस पास के ग्रामों के सैकड़ों भक्तों ने मां नर्मदा के दर्शन वंदन पुजन कर नर्मदा के जल से स्नान श्रद्धा पूर्वक कीया । इस भीषण गर्मी मे मॉ नर्मदा की जल धारा को देख लोग अभिभूत हुए और लोगो ने उत्साह से मॉ नर्मदा की जयकार करते हुए नर्मदे हर माही हर के नारे भी लगाये वही पटलावदिया से सुधीर भावसार ने अपने पुरे परिवार के साथ मा नर्मदा का विधिपूर्वक पुजन अर्चन कर मॉ नर्मदा कौ चुनरी ओडा कर महा आरती कर प्रसाद वितरण किया ।वही क्षेत्र के लोगो मे सुबह से ही मॉ नर्मदा की जल धार के दर्शन करने के लिए आतुर दिखाई दिये ।इस दुसरे चरण की टेस्टींग के लिए प्रोजेक्ट इंजिनियर यशराज चौहान व असिस्टेंट इंजिनियर आनंद सिंस तथा मिण्डा निवासी श्री विक्रम पटेल व श्री गणेश.बडकेश्वर महादेव गौ शाला धाम के अध्यक्ष विजय पटेल ग्राम पंचायत बडोदिया के उप सरपंच जीवन पाटीदार, रमणलाल शर्मा, पटलावदिया से सुधीर भावसार जगदीश दास वैष्णव का सराहनीय योगदान रहा। उक्त सफलतापूर्वक टेस्टींग के लिए आभार विश्राम पाटीदार व विमल शर्मा ने माना

### पोरवाड़ समाज महिला मंडल की समर क्लासेस 10 मई से

**कुक्षी।** श्री दशा वैष्णव पोरवाड़ समाज महिला मंडल द्वारा बच्चों और महिलाओं के कौशल विकास के लिए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। ये क्लासेस 10 मई से 30 मई तक स्थानीय सामाजिक मांगलिक भवन में आयोजित की जाएंगी ।महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती साधना अनिल जी गुप्ता ने बताया कि बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करने के उद्देश्य से ड्राइंग-पेंटिंग और मेहंदी के विशेष सत्र रखे गए हैं। प्रशिक्षण कु. माही आशीष गुप्ता द्वारा दिया जाएगा ।ड्राइंग व पेंटिंग दोपहर 3 से 4 बजे तक मेहंदी (बेसिक व फिगर कोर्स) शाम 5 से 6 बजे तक का समय रहेगा इच्छुक प्रतिभागी दिनांक 7 और 8 मई को रात्रि 8ः30 बजे द्वारिकाधीश मंदिर में उपस्थित होकर अपना नाम लिखवा सकते हैं और प्रवेश शुल्क 150जमा कर सकते हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में महिला मंडल की समस्त सदस्य उत्साह के साथ जुटी हुई हैं।

### आपातकालीन स्थिति में कैसे जान बचा सकते हैं

**सरदारपुर** । आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांदेड़ी में डॉक्टर रोहित यादव मेडिकल ऑफिसर के द्वारा रेड क्रॉस सप्ताह के अंतर्गत सीपीआर की ट्रेनिंग सभी कर्मचारियों को दी गई। कर्मचारियों को बताया गया की आपातकालीन स्थिति में कैसे जान बचा सकते हैं।

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लिए शिक्षित बेरोजगारों से व्यवसाय इकाई के ऑनलाइन आवेदन बुलवाए

**धार ।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, धार के महाप्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए संचालित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लक्ष्य प्राप्त हो चुके हैं। जिले में स्थित विभिन्न बैंक शाखाओं को योजना का लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। इच्छुक आवेदक जो स्वयं का उद्योग, सेवा या व्यवसाय स्थापित करना चाहते हैं, वे निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैंः न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8वीं की अंकसूची, पहचान एवं आवासीय प्रमाण [आधार कार्ड रेडाक्टेड], पैन कार्ड, समग्र आईडी और नवीनतम फोटो। प्रोजेक्ट रिपोर्ट (10 लाख रुपये से अधिक के ऋण हेतु सी.ए. द्वारा प्रमाणित रिपोर्ट अनिवार्य)। अन्य दस्तावेजः जाति प्रमाण पत्र एवं संबंधित कार्य का कोटेशन। आवेदक योजना का लाभ लेने के लिए आधिकारिक पोर्टल *www.samast.mponline.gov.in* पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया और योजना की विस्तृत जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, धार के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया जा सकता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जिले के शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। शासन की इस पहल से जिले में नए सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की स्थापना को गति मिलेगी।

### म.प्र. वन विभाग में तकनीक का नया अध्याय :

**धार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की डिजिटल इंडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सुशासन की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में म.प्र. वन विभाग ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। धार वन मंडल द्वारा प्रदेश का पहला *"AI Fluency & Efficiency Enhancement Program"* सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। तकनीक आधारित प्रशासनिक दक्षता को बनाने वाला यह अपनी तरह का अभिनव प्रशिक्षण कार्यक्रम था, जिसका उद्देश्य शासकीय कार्यों को अधिक तेज, सरल एवं त्रुटिरहित बनाना है। कलेक्टर राजीव रंजन मीना एवं वन मंडल अधिकारी धार विजयानंथम टी.आर. के नेतृत्व में आयोजित इस 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन विभाग के 40 कर्मचारियों एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों ने भाग लिया। आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को आधुनिक एआई तकनीकों का व्यावहारिक (*Practical*) प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को *ChatGPT*, *Google Gemini*, भारत सरकार के भाषिणी ऐप, *Google Workspace Al*, *Gamma* एवं *Google Studio* जैसे उन्नत ढ्ढ टूल्स के उपयोग से परिचित कराया गया। साथ ही शासकीय पत्राचार की ड्राफ्टिंग, फाइल नोटिंग, मीटिंग मिनट्स तैयार करना, डेटा विश्लेषण, एक्सेल ऑटोमेशन एवं रिपोर्ट निर्माण जैसे कार्यों का लाइव प्रैक्टिकल अभ्यास भी कराया गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, इस पहल से प्रतिवर्ष लगभग 8800 मानव-घंटों की बचत होने की संभावना है। इससे अधिकारी एवं कर्मचारी अपना बहुमूल्य समय आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं बेहतर जनसेवा में लगा सकेंगे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए श्री विजयानंथम टी.आर. वन मंडल अधिकारी धार ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में शासकीय कार्यप्रणाली की उत्पादकता ब?ाने की अपार क्षमता है। हालांकि इसका उपयोग पूर्णतः नैतिक, सुरक्षित एवं जिम्मेदार तरीके से किया जाना आवश्यक है। अधिकारी एवं कर्मचारी इन तकनीकों को अपनाकर न केवल अपनी कार्यक्षमता बनाएं, बल्कि विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति में भी अधिक प्रभावी योगदान दें।





# श्रीराम मारुति पंच कुंडीय महायज्ञ शुरु

**नीमचौक के राजा खेड़ापति की होगी प्राण प्रतिष्ठा, मंत्र उपचार से चैतन्य होंगे भगवान की कृपा से फिर होगी मनोकामनाएं पूर्ण**

**सरदारपुर** । तहसील मुख्यलय से महज 10 किलोमीटर दूर जनजन की आस्था एवं श्रद्धा के केंद्र प्रभु श्री हनुमान जी महाराज मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और श्री मारुति माहायज्ञ महोत्सव का आयोजन धर्मनगरी भानगढ़ की धन्यधरा पर किया जा रहा है। भानगढ़ की धन्यधरा पर मां अन्नपूर्णा के बृहद पुत्र ,मां सरस्वती के बृहद पुत्र, मां लक्ष्मी -कुबेर के बृहद पुत्र एवं विश्वकर्मा के वंशज निवास करते हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतिष्ठा महोत्सव के यज्ञीय कार्यक्रम में दिनांक 4 मई 2026 को प्रायश्चित कर्म, हेमाद्रि -संकल्प ,दसविध स्नान, कलश यात्रा, मंडप प्रवेश एवं अग्नि स्थापन ,ग्रह शांति, देव पूजन स्थापना ,देव प्रतिमाओं का जलाधिवास पंडित सुनील जी शास्त्री भानगढ़ के सानिध्य में करवाया गया। दूसरे दिन दिनांक 5 मई 2026 दैनिक हवन पूजन एवं देव प्रतिभाओं का पुष्पाधिवास फलाधिवास करवाया गया । दिनांक 6 मई दैनिक पूजन ,स्वाहाकार एवं देव प्रतिमाओं का धन्नाधिवाश करवाया गया। दिनांक 7 मई दैनिक पूजन, स्वाहाकार, स्नपन कर्म, देवताओं का नगर भ्रमण एवं देव प्रतिमाओं का शय्याधिवास कराया जावेगा। दिनांक 8 मई को गंगाजल ,दैनिक पूजन, शिखर कलश ध्वजा स्थापना ,हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा, छप्पनभोग, पूर्णाहुति महाआरती एवं महाप्रसादी के साथ विशाल भंडारे का आयोजन दोपहर 2 बजे से शुरू किया जाएगा।

**भोजन प्रसादी की व्यवस्था में इनका सहयोग...**

श्री मारुति महायज्ञ में भोजन प्रसादी के प्रथम दिन दिनांक 4 मई को श्री देवनारायण जी मंदिर की ओर से कुमावत मरोला परिवार द्वारा आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन श्री कचरालाल जी तुलसीराम जी अडानिया एवं श्री कन्हैयालाल जी तिलोकचंद जी पिता मूलचंद जी धमानिया द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी। तीसरे दिन स्वर्गीय श्री श्यामलाल जी सेन एवं स्वर्गीय श्री घासीराम जी सेन की स्मृति में देवीलाल जी सेन एवं दिनेश जी सेन भोजन प्रसादी के लाभार्थी रहेंगे । चौथे दिन श्री खेतु माताजी मंदिर की ओर से डीडवानिया परिवार भोजन प्रसादी के लाभार्थी रहेंगे। पांचवें दिन श्री क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज एवं समस्त धर्म प्रेमी जनता भानगढ़, सोनगढ कुमारीया खेड़ी, टीमायची भोजन प्रसादी के लाभार्थी रहेंगे ।इस महायज्ञ में धर्म प्रेमी जनता ने लाखों रुपए की बोलीयो में भाग लेकर हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं मारुति महायज्ञ में में तन मन धन से सहयोग प्रदान किया है। नवनिर्मित मंदिर में कलश स्थापना स्वर्गीय गंगाबाई पति नरसिंह जी डीडवानिया, पुत्र बागमल जी डीडवानिया भानगढ़ द्वारा किया जाएगा। दिनांक 6 मई को विराट कवि सम्मेलन रात्रि 8 बजे से आयोजन किया जाएगा ।साथ ही दिनांक 7 मई को भव्य भजन संध्या का आयोजन बैकुंठवासी पंडित डॉक्टर श्री राम जी शर्मा ,पुत्र श्री राजेंद्र शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, कृष्णचंद्र शर्मा इंदौर, पुष्यमित्र भार्गव महापौर इंदौर, डॉक्टर सर्वमित्र भार्गव , डॉक्टर नितिन भार्गव इंदौर के सानिध्य में आयोजन कराया जाएगा।

# सांदीपनि स्कूल के छात्रों को दे रहे व्यावसायिक प्रशिक्षण

**बाकानेर। शासकीय सांदीपनि विद्यालय बाकानेर में लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के समग्र अभियान के अंतर्गत चल रही नवीन व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाकानेर में 20 दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।**




यह प्रशिक्षण ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. कुलदीप नाग एवं डॉ. वीरेंद्र धारवे के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों द्वारा बच्चों को प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य जांच, मरीज देखभाल, स्वच्छता और अस्पताल प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है।

शासन की मंशा है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल से जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। स्वास्थ्य क्षेत्र में पैरामेडिकल स्टाफ की बढ़ती मांग को देखते हुए यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा ।सांदीपनि विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अनीता सोनी ने बताया कि विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। व्यावसायिक प्रशिक्षक शबाना कुरैशी के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राएं उत्साह के साथ अस्पताल में रोजाना 4 घंटे का प्रैक्टिकल प्रशिक्षण ले रहे हैं।

> प्रशिक्षण ले रहे छात्रों ने कहा, ÷यहां आकर इंजेक्शन लगाना, बीपी चेक करना और मरीजों से बात करने का तरीका सीख रहे हैं। 12वीं के बाद हेल्थ केयर में काम करने का रास्ता साफ हो जाएगा। डॉ. कुलदीप नाग ने कहा कि बच्चों को अस्पताल के सभी विभागों – ओपीडी, ड्रेसिंग रूम, लैब, फार्मेसी और टीकाकरण केंद्र – का भ्रमण कराया जा रहा है। ताकि वे स्वास्थ्य सेवाओं को करीब से समझ सकें। यह पहल ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में करियर बनाने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।




# रेडक्रॉस सप्ताह के अंतर्गत कर्मचारियों को दिया सीपीआर प्रशिक्षण

**बाकानेर । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकानेर में रेडक्रॉस सप्ताह के अवसर पर कर्मचारियों के लिए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

यह प्रशिक्षण सीबीएमओ डॉ. कुलदीप कुमार नाग के निर्देशन में और चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश भालके के नेतृत्व में संपन्न हुआ। डॉ. भालके ने कर्मचारियों को हृदयाघात, सांस रुकने और अन्य आपातकालीन स्थितियों में तुरंत की जाने वाली जीवनरक्षक कारवाई की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने डमी पर व्यावहारिक रूप से सीने का दबाव, सांस देना और बेहोशी की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के तरीके समझाए। उन्होंने कहा कि *÷समय पर दिया गया सीपीआर किसी व्यक्ति की जान बचा सकता है।* ग्रामीण क्षेत्रों में जब तक एम्बुलेंस नहीं पहुँचती, तब तक स्वास्थ्य कर्मियों और आम लोगों को यह प्राथमिक उपचार आना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही डॉ. भालके ने हृदय रोगों की रोकथाम, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और उच्च रक्तचाप की पहचान जैसे स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मचारी और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण को बेहद उपयोगी बताते हुए इसे नियमित रूप से कराने की मांग की। डॉ. कुलदीप कुमार नाग ने कहा कि रेडक्रॉस सप्ताह के तहत स्वास्थ्य जागरूकता और आपातकालीन कौशल बढ़ाने के लिए आगे भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने गेहूं खरीदी और पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली



धार। अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, भोपाल और प्रभारी अपर मुख्य सचिव इंदौर संभाग, अनुपम राजन की अध्यक्षता में गुरुवार को धार जिले से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण संभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले से संभागायुक्त डॉ सुदाम खाड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में इंदौर संभाग के समस्त कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक में गेहूँ उपार्जन की प्रगति पर चर्चा करते हुए राजन ने कहा कि उपार्जन की अंतिम तिथि 23 मई समीप है, इसलिए अगले दो सप्ताहों में केंद्रों पर किसानों की भी? ब?ना तय है। इसे देखते हुए उन्होंने समस्त कलेक्टर्स को उपार्जन केंद्रों पर तोल कांटों की संख्या ब?ने और पर्याप्त लेबर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक जिले में विशेष मोबाइल टीमों के गठन के निर्देश दिए, जो नियमित रूप से केंद्रों का भ्रमण कर समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान करेंगी। साथ ही, केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, ठंडे पानी, बैठने की व्यवस्था और आवश्यकतानुसार जनरेटर का प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा। अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे स्वयं फील्ड पर रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करें। राजन ने निर्देशित किया कि उपार्जित गेहूं का किसानों को भुगतान निर्धारित समय सीमा में किया जाए और भंडारण के लिए पर्याप्त स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को प्रो-एक्टिव होकर कार्य करने की हिदायत दी ताकि शासन की योजनाओं का लाभ किसानों और आम जनता को बिना किसी बाधा के प्राप्त हो सके। किसानों से समन्वय स्थापित करे। बैठक के दौरान श्री राजन ने ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति की स्थिति के संबंध में निर्देश दिए कि सभी प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित निवारण सुनिश्चित करें। किसी को भी पेयजल संबंधी समस्या ना हो सुनिश्चित करे। निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करे। जल प्रदाय व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए समय पर जलकर का कलेक्शन करने के अधिकारियों को निर्देशित किया।

# जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम

**धार।** म.प्र. जन अभियान परिषद के निर्देशन में ''जल गंगा संवर्धन अभियान 2026'' के अंतर्गत विकासखण्ड गंधवानी ग्राम केशवी में जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था गंधवानी सामाजिक विकास समिति द्वारा सेक्टर स्तरीय बैठक का सफल आयोजन किया गया।

**एक नजर में** — 25 श्रमिकों का किया परीक्षण, नामी डॉक्टरों ने दी अपनी सेवाएं

# धामनोद सीवरेज परियोजना के श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**धार । नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम, मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा धामनोद सीवरेज परियोजना के अंतर्गत आज श्रमिकों के बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं, जिनमें मुख्य रूप से डॉ. दीपेंद्र सिंह मंडलोई (एमडी मेडिसिन), डॉ. मोनिका चौहान (स्त्री रोग विशेषज्ञ) व डॉ. खुशबू पाटीदार एवं नेत्र विशेषज्ञ शामिल थे।**




शिविर के दौरान परियोजना में कार्यरत 25 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों ने मौसमी बीमारियों, कार्यस्थल पर होने वाली शारीरिक समस्याओं और आंखों की जांच की। परीक्षण के पश्चात सभी श्रमिकों को डॉक्टरों द्वारा उचित चिकित्सकीय सलाह दी गई और विभाग की ओर से निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस शिविर का सफल आयोजन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कीर्ति बोरासे एवं सामुदायिक विकास अधिकारी सपना दुबे के आपसी समन्वय से संपन्न हुआ ।परियोजना अधिकारियों के अनुसार, इस शिविर का मुख्य उद्देश्य निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को स्वस्थ कार्य वातावरण प्रदान करना और समय-समय पर उनके स्वास्थ्य की निगरानी करना है ताकि वे पूरी कार्यक्षमता और सुरक्षा के साथ काम कर सकें।

